Title: Need to ensure adequate supply of gas at economical rates to the glass industrial units in Ferozabad, U.P. with a view to make them viable. − Laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : महोदय, फिरोजाबाद, उ0प्र0 का कांच उद्योग विश्व विख्यात है। कभी यह उद्योग कोयला आधारित था लेकिन ताजमहल की सुरक्षा के नाम पर ये कोयला आधारित उद्योग बंद कर दिए गए तथा मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश से गैस की आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित हुआ। लेकिन इस कुटीर और लघु उद्योग को संचालित करने के लिए जितनी गैस की आपूर्ति की आवश्यकता है उससे कम गैस इन इकाईयों को मिल रही है। विकल्प के तौर पर जो गैस उपभोक्ताओं को देने की बात गैस ऑथरिटी ऑफ इंडिया द्वारा की जा रही है, वह अत्यधिक मंहगी है, जिसे ये लघु और कुटीर उद्योग वहन करने की स्थिति में नहीं है और उनका उत्पाद बाजार से बाहर हो जायेगा। आवश्यक है इन इकाइयों को सस्ता और सुलभ ईंधन उपलब्ध कराया जाये ताकि ये इकाइयां लाभकारी बने और इनका विकास एवं विस्तार हो। यह सर्वमान्य है कि आज देश की जो बेरोजगारी की समस्या है वह इन्हें कुटीर और लघु उद्योगों के विस्तार से दूर की जा सकती है। फिरोजाबाद पिछड़ा क्षेत्र है, इन उद्योगों में लाखों लोग काम करते हैं। मेरा आग्रह है कि सरकार गैल को निर्देशित करे कि वह भरपूर गैस की आपूर्ति फिरोजाबाद में स्थित औद्योगिक इकाइयों को करे, जिससे इस कांच उद्योग को संरक्षण मिले और लाखों लोगों को रोजगार से वंचित न होना पड़े।